# Bihar Board Class 6 Social Science History Notes Chapter 7 प्रारंभिक राज्य

पाठ का सारांश

- आज से लगभग 3000 वर्ष पूर्व गंगा नदी घाटी क्षेत्र में लोहे के बने औजार एवं अस्त्रों के प्रमाण खुदाई से प्राप्त हुये हैं।
- अधिकांश जन अकेले ही जनपद की अवस्था प्राप्त कर लिए – मत्स्य, चेदी, काशी, कौशल।
- कुछ जनों ने आपस में मिलकर जनपद का रूप लिया ।
- पांचाल जनपद इसका एक उदाहरण है।
- अनेक जन, अधिक शक्तिशाली जनों से पराजित होने के बाद मिला लिये गये।
- महाजनपदों में शासन का स्वरूप एक जैसा नहीं था, कुछ में राजतंत्रात्मक शासन था तो कुछ में गणतंत्रात्मक ।।
- मगध महाजनपद का फैलाव मुख्यतः आधुनिक बिहार राज्य के
- पटना एवं मगध प्रमण्डल (मुख्यालय गया) तक था।
- मगध के चारों ओर प्राकृतिक सुरक्षा के साधन थे।
- मगध में बिम्बिसार, अजातशत्रु, महापदमनंद जैसे योग्य शासक हुये, जिन्होंने अपने साहस और शक्ति से राज्य का विस्तार किया।
- मगध का प्रथम महान शासक बिम्बिसार था।
- बिम्बिसार का पुत्र अजातशत्रु अपने पिता के बाद मगध का राजा बना।
- अजातशत्रु के बाद उदयिन मगध का राजा हुआ।
- मगध के नजदीक वज्जि राज्य था. जिसकी राजधानी वैशाली थी।
- वज्जि राज्य आठ गणों का संघ था, जिसमें लिच्छवी, विदेह, वज्जि प्रमुख थे।
- लगभग 2600 वर्ष पूर्व (अर्थात् छठी शताब्दी ईसा पूर्व) में उत्तरी भारत मैं शहरीकरण की प्रवृति का विकास हुआ।
- शिल्प-व्यवसाय और व्यापार के केन्द्र के रूप में नगरों का विकास हुआ।
- गंगा नदी के आस-पास के क्षेत्रों में श्रावस्ती, चंपा, पाटलीपुत्र, राजगृह, अयोध्या, कौशाम्बी, काशी जैसे महत्वपूर्ण नगरों का उद्भव हुआ।


https://www.evidyarthi.in/